मु०अ०–4(मु०)रा०यो०–07–02A / 2023

# बिहार सरकार
# ग्रामीण कार्य विभाग
# संकल्प

पटना, दिनांकः– 13/11/2023

विषयः– खगड़िया जिला के कार्य प्रमंडल, खगड़िया के अधीन मानसी प्रखण्ड में राज्य योजनान्तर्गत "मानसी मंदिर चौक से मुंगेर जिला के टीकारामपुर पंचायत के बनारसी राय टोला में बुढ़ी गंडक नदी पर 7 x 25 मीटर आकार के पुल का निर्माण" कार्य के लिए स्वीकृत लम्बाई–185.82 मीटर, स्वीकृत राशि ₹1318.75 लाख की जगह पुनरीक्षित लम्बाई–185.82 मीटर तथा पुनरीक्षित तकनीकी अनुमोदन की राशि ₹2044.634 लाख की लागत पर पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में।

1. खगड़िया जिलान्तर्गत, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल खगड़िया के अधीन मानसी प्रखण्ड में "मानसी मंदिर चौक से मुंगेर जिला के टीकारामपुर पंचायत के बनारसी राय टोला में बुढ़ी गंडक नदी पर 7 x 25 मीटर आकार के पुल का निर्माण" कार्य की मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति के उपरांत विषयगत योजना की मूल प्रशासनिक स्वीकृति विभागीय पत्रांक मु०अ०–4(मु०)नाबार्ड–03–46 / 2015–543 अनु० दिनांक 26.03.2015 द्वारा ₹ 1318.75 लाख की लागत पर दी गई थी।

2. इस योजना का निर्माण कार्य संवेदक द्वारा ससमय सम्पादित नहीं किये जाने के कारण एकरारनामा विखंडित किया गया है।

3. एकरारनामा विखंडन के पश्चात् अवशेष कार्य को पूर्ण करने हेतु पुनरीक्षित प्राक्कलन नये दर पर तैयार किया गया एवं असम्बद्ध अधीक्षण अभियंता से जाँचोपरांत पुनरीक्षण प्रस्ताव की जाँच विभागीय आंतरिक पुनरीक्षित प्राक्कलन जाँच समिति द्वारा की गयी है।

4. विषयगत योजना के पुनरीक्षित प्राक्कलन पर सक्षम प्राधिकार मुख्य अभियंता–2, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा पुनरीक्षित प्राक्कलित राशि ₹2044.634 लाख के लिए दिनांक 08.02.2023 को पुनरीक्षित तकनीकी अनुमोदन प्रदान किया गया है।

5. प्रस्ताव पर लोक वित्त समिति की अनुशंसा योजना एवं विकास विभाग, बिहार के ज्ञापांक 344 / लो०वि० / यो०वि०, पटना दिनांक 13.06.2023 द्वारा प्राप्त है।

6. विषयगत पुल निर्माण योजना आर०आई०डी०एफ० ऋण संपोषित योजना के तहत स्वीकृत है। चूँकि आर०आई०डी०एफ० ऋण संपोषित योजना में बढ़ी हुई राशि के विरूद्ध ऋण स्वीकृति सामान्यतः नाबार्ड द्वारा नहीं दी जाती है। अतः बढ़ी हुई राशि 2044.634-1318.75=725.884 लाख रुपया राज्य योजना से भारित होगा।

7. पुनरीक्षित योजना का वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 में पूर्ण करने का लक्ष्य है। पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति के उपरांत अवशेष कार्य का क्रियान्वयन निविदा के माध्यम से कराया जायेगा।

8. इस योजना पर होने वाला व्यय मांग संख्या–37, मुख्य शीर्ष–4515–अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय, उप मुख्यशीर्ष–00, लघु शीर्ष–103–ग्राम विकास राज्य योजना, उपशीर्ष–0105–ग्राम विकास की परियोजनाएं (नाबार्ड ऋण सम्पोषित योजना), विपत्र कोड–37–4515001030105 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

Scanned with CamScanner

9. राज्य योजनान्तर्गत खगड़िया जिला के कार्य प्रमंडल, खगड़िया के अधीन मानसी प्रखण्ड में "मानसी मंदिर चौक से मुंगेर जिला के टीकारामपुर पंचायत के बनारसी राय टोला में बुढ़ी गंडक नदी पर 7 x 25 मीटर आकार के पुल का निर्माण" कार्य के लिए स्वीकृत लम्बाई– 185.82 मीटर, स्वीकृत राशि ₹1318.75 लाख की जगह पुनरीक्षित लम्बाई–185.82 मीटर तथा पुनरीक्षित तकनीकी अनुमोदन की राशि ₹2044.634 लाख की लागत पर पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति के प्रस्ताव पर बिहार मंत्रीपरिषद् की दिनांक 03.11.2023 की बैठक में मद संख्या–6 के रूप में स्वीकृति प्राप्त है।

**आदेशः–** **आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राज्य पत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित किया जाय एवं इसकी प्रतिलिपि सरकार के सभी विभागों एवं महालेखाकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ भेजी जाए।**

बिहार राज्यपाल के आदेश से

(पंकज कुमार पाल)
सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग

ज्ञापांक :– मु०अ०–4(मु०)रा०यो०–07–02A / 2023 - 5885 /पटना, दिनांकः– 13/11/2023

प्रतिलिपि :–मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव

ज्ञापांक :– मु०अ०–4(मु०)रा०यो०–07–02A / 2023 - 5885 /पटना, दिनांकः– 13/11/2023

प्रतिलिपि :– महालेखाकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव

ज्ञापांक :– मु०अ०–4(मु०)रा०यो०–07–02A / 2023 - 5885 /पटना, दिनांकः– 13/11/2023

प्रतिलिपि :– अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि इसे बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित करते हुए इसकी पाँच सौ प्रतियाँ विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा करें।

सचिव

ज्ञापांक :– मु०अ०–4(मु०)रा०यो०–07–02A / 2023 - 5885 /पटना, दिनांकः– 13/11/2023

प्रतिलिपि :– मुख्य सचिव, बिहार / विकास आयुक्त, बिहार / महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव / माननीय मुख्यमंत्री के सचिव / सरकार के सभी विभागों के प्रधान सचिव एवं सचिव / सभी विभागाध्यक्ष / सभी प्रमण्डलीय आयुक्त / सभी जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव

Scanned with CamScanner

ज्ञापांक :– मु०अ०–4(मु०)रा०यो०–07–02A / 2023 - 5885 / पटना, दिनांक:– 13/11/2023

प्रतिलिपि :– अभियंता प्रमुख / सभी मुख्य अभियंता / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग तथा मुख्यालय स्थित सभी पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव

ज्ञापांक :– मु०अ०–4(मु०)रा०यो०–07–02A / 2023 - 5885 / पटना, दिनांक:– 13/11/2023

प्रतिलिपि :– माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव को माननीय मंत्री के अवलोकनार्थ उपस्थापित करने हेतु प्रेषित।

सचिव

Scanned with CamScanner